UP Board Solutions for Class 7 Civics Chapter 2 व्यवस्थापिका-कानून बनाना

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर वाले विकल्प के सामने वाले गोले को काला कीजिए –
(क) लोकसभा का कार्यकाल है –
(अ) 5 वर्ष ●
(ब) 6 वर्ष ○
(स) 7 वर्ष ○
(छ) 8 वर्ष ○

(ख) उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की सदस्य संख्या है –
(अ) 95 ○
(ब) 99 ○
(स) 100 ●
(छ) 104 ○

प्रश्न 2.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
(क) भारतीय संघीय व्यवस्था का प्रमुख लक्षण क्या है?
उत्तर
संघ एवं राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का विभाजन तीन सूचियों में किया गया है जो भारतीय संघीय व्यवस्था का प्रमुख लक्षण है। ये तीनों सूचियाँ इस प्रकार हैं

- संघ सूची (Union list)
- राज्य सूची (State list)
- समवर्ती सूची (Concurrent list)

संघ सूची- इस सूची के विषयों पर विधि (कानून) का अधिकार संसद को प्राप्त है, जिनमें से कुछ प्रमुख विषय हैं-रेल, जल परिवहन, हवाई जहाज, राष्ट्रीय राजमार्ग, बैंक, विदेशी मामले, स्मारक, रक्षा, संचार साधन, डाक विभाग।

राज्य सूची- इस सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार राज्य विधानमंडल को प्राप्त है, जिनमें से कुछ प्रमुख हैं-पुलिस, स्वच्छता, मत्स्य पालन, स्थानीय स्वशासन, कृषि, सिंचाई, पशुधन, निचली अदालत, कारागार, सड़क।

समवर्ती सूची- कुछ ऐसे भी विषय हैं जिन पर संसद और राज्य विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं। इन्हें समवर्ती सूची के अन्तर्गत रखा गया है। इस सूची में दिए गए कुछ विषय निम्नवत् हैं-चिकित्सा, वन, विवाह, समाचार पत्र, पुस्तकें, शिक्षा, उद्योग, बिजली, परिवार तथा धार्मिक संस्थाएँ।

यदि समवर्ती सूची के किसी एक ही विषय पर संघ और राज्य के कानूनों में मतभेद होता है तो संघ के कानून को मान्यता दी जाती है।

संविधान में यह भी व्यवस्था की गई है कि यदि भविष्य में किसी नए विषय पर कानून बनाना हो तो उस विषय पर कानून बनाने का अधिकार संसद को ही होगा।

(ख) केन्द्र सूची, राज्य सूची, समवर्ती सूची के दो-दो विषय लिखिए।
उत्तर

केन्द्र सूची	राज्य सूची	समवर्ती सूची
दूरसंचार	खेती	शिक्षा
बैंक	मवेशी	परिवार

(ग) लोकसभा के कार्यों को लिखिए।
उत्तर
लोकसभा के कार्य निम्नलिखित हैं|

1. कानून बनाना,
2. मंत्रिपरिषद के कामों पर अपना नियंत्रण रखना,
3. कानूनों में संशोधन करना,
4. जनता पर कर लगाने और खर्च करने का निर्णय लेना।

(घ) लोकसभा तथा राज्यसभा की शक्तियों में कोई एक अन्तर लिखिए।
उत्तर
लोकसभा में धन विधेयक प्रस्तुत किए जाते हैं और राज्यसभा केवल इस पर चर्चा कर सकती है।

(ङ) विधेयक के कानून बनने के तीन चरणों
को प्रस्तुत कीजिए।
उत्तर

1. साधारण विधेयक किसी भी सदन (लोकसभा या राज्यसभा) में पेश किया जा सकता मवेशी
2. राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से पहले दोनों सदनों में विधेयक पारित होना अनिवार्य है।
3. यदि विधेयक के पक्ष में आधे से अधिक सदस्यों का मत हो, तो वह विधेयक सदन में पारित हो जाता है।

(च) धन विधेयक क्या है? इसको पारित करने की प्रक्रिया साधारण विधेयक से किस प्रकार अलग है?
उत्तर
खर्चे या आमदनी से सम्बन्धित विधेयक को धन विधेयक कहते हैं। इन विधेयकों पर राष्ट्रपति पहली ही बार में हस्ताक्षर कर देते हैं। इसके बाद विधेयक को मन्त्री द्वारा लोकसभा में पेश किया जाता है। इन विधेयकों को केवल लोकसभा पारित करती है। राज्यसभा में इन पर केवल चर्चा होती है।

https://www.evidyarthi.in/

(छ) अपने प्रदेश के विधानमंडल के बारे में लिखिए।
उत्तर
उत्तर प्रदेश के संदर्भ में-

- हमारे प्रदेश की व्यवस्थापिका की विधानमंडल कहते हैं।
- यह राज्यपाल, विधान सभा तथा विधान परिषद् से मिलकर बनती है।
- विधान सभा में 403 सदस्य होते हैं जो जनता द्वारा निर्वाचित होते हैं। जबकि एक सदस्य का मनोनयन राज्यपाल आंग्ल भारतीय समुदाय से कर सकता है।
- वही व्यक्ति विधान सभा का चुनाव लड़ सकता है, जो 25 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो विधान सभा के सदस्यों को विधायक या एम.एल.ए. (Member of Legislative Assembly) कहा जाता है।
- सभी सदस्य मिलकर अपने बीच में से ही एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष का चुनाव करते हैं।
- सामान्यतः विधानसभा का गठन 5 वर्ष के लिए किया जाता है परन्तु मंत्रिपरिषद् की सलाह पर राज्यपाल इसे समय से पहले भी भंग कर सकता है।
- उत्तर प्रदेश विधान परिषद् में 100 सदस्य होते हैं। इसमें 38 सदस्य विधान सभा द्वारा, 36 सदस्य स्थानीय संस्थाओं द्वारा, 8 शिक्षकों द्वारा तथा 8 स्नातकों द्वारा निर्वाचित होते हैं। 10 सदस्य राज्यपाल द्वारा मनोनीत किए जाते हैं।
- वही व्यक्ति विधान परिषद् का सदस्य बन सकता है जो 30 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो। विधान परिषद् के सदस्यों को विधायक या एम.एल.सी. (Member of Legislative Council) कहते हैं। विधान परिषद् के सदस्य अपने बीच में से ही एक सभापति और एक उप सभापति चुनता है।
- विधान परिषद् एक स्थाई सदन है। इसके सदस्यों का चुनाव 6 वर्ष के लिए किया | जाता है। प्रत्येक दूसरे वर्ष एक तिहाई सदस्य अवकाश ग्रहण करते हैं।
- विधानमंडल का मुख्य कार्य कानून बनाना है। विधान सभा एवं विधान परिषद् द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल की सहमति के बाद कानून बन जाता है।
- हमारे प्रदेश का विधान सभा भवन लखनऊ में स्थित है।

प्रश्न 3.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
उत्तर
(क) संघ कई **राज्यों** से मिलकर बना है।
(ख) संविधान में शिक्षा से सम्बन्ध रखने वाले विषय **समवर्ती** सूची में दिया गया है।
(ग) लोकसभा, राज्यसभा तथा **राष्ट्रपति** को मिलाकर भारतीय संसद बनती है।
(घ) राज्य सभा में सदस्यों की संख्या अधिक से अधिक **250** हो सकती है।

प्रश्न 4.
सही मिलान कीजिए (सही मिलान करके)-
उत्तर